# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

**04.08.2024** **समय : 1850**

- जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में जिला सुरक्षा समिति ने शहर में ट्रैफिक के कारण होने वाली असुविधा और साफ–सफाई को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया।
- डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कल से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।
- दक्षिण अण्डमान ज़िले में कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए कुपोषण मुक्त अभियान की शुरूआत की गई है।
- रोज़गार एवं प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गाराचरामा में कैरियर मार्गदर्शन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर शहर में ट्रैफिक के कारण होने वाली असुविधा और शहर में साफ–सफाई को सुनिश्चित करने के लिए जिला सुरक्षा समिति की ओर से शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया गया। जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा के नेतृत्व में जिला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट, नगरपालिका परिषद के सचिव अमित काले, एस.डी.एम. विनायक चमाडिया और नगरपालिका तथा ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। पूरे भातू बस्ती और गाराचरामा क्षेत्र में सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण यातायात में व्यवधान उत्पन्न होता है और इन क्षेत्रों से अतिक्रमण को हटाना जरूरी है। अण्डमान लोक निर्माण विभाग इन क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत और सड़कों के किनारों को चौड़ा करने का कार्य करेगा। इस संबंध में अतिक्रमण हटाने के लिए वार्ड पार्षदो और नगरपलिका के अधिकारियों के बीच जल्द ही बैठक बुलाई जाएगी। भातूबस्ती चौराहें में करपगम होटल के सामने खाली पडे भूमि को विकसित करने और इस इलाके को दुपहिया और ऑटो रिक्शा के लिए पार्किंग स्थल बनाए जाने का भी प्रस्ताव है। वर्तमान में यह भूमि सूचना प्रचार और पर्यटन विभाग के पास है। जिला उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वो सूचना प्रचार विभाग से एन.ओ.सी. प्राप्त करें और पार्किंग के लिए अनुमानित मूल्य को तैयार करें।

भातूबस्ती क्षेत्र में डिवाइडर मे भी सुधार करने की आवश्यकता है, ताकि और स्थान उपलब्ध हो सके। स्कूल अवधि के दौरान कार्मल स्कूल, के. वी.–वन, निर्मला स्कूल और विवेकानन्द स्कूल क्षेत्र में ट्रैफिक जाम होने से छुटकारा पाने के लिए ज़िला उपायुक्त ने स्कूल प्राधिकरण के साथ बैठक बुलाने और कम से कम ऐसे दो स्कूलों की पहचान करने के लिए सर्वे कराने का निर्देश दिया, जो अपने विद्यार्थियों को लाने और ले–जाने के लिए अपने स्कूल बसों का प्रयोग कर सके। ज़िला उपायुक्त ने कार्मल स्कूल और के.वी.–वन के प्राधानाचार्यों के साथ बैठक कर इन स्कूलों के पास उपलब्ध भू–खण्ड को उपलब्ध कराने को कहा, ताकि इन क्षेत्रों में पार्किंग की व्यवस्था की जा सकें और नालो पर स्लैब डाला जा सके। जिससे वाहनो को पार्क करने में आसानी होगी। कमेटी ने रतनम मार्केट क्षेत्र में साफ–सफाई को बढाने और कचरे फेकने के लिए स्थान चिन्हित करने को भी कहा।

<><><><><><>

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में कल से दो दिवसीय पहली अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। गणनात्मक बुद्धिमता की सुरक्षा संचार और सतत विकास पर आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का उददेश्य प्रमुख शोधकर्ताओं तथा उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच पर लाकर गणनात्मक बुद्धिमता पर हुई प्रगति और नवाचार पर चर्चा करना हैं। इस सम्मेलन में विख्यात विशेषज्ञों द्वारा विचार साझा किए जाएंगे। शोधपत्र भी प्रस्तुत किया जाएगा। सम्मेलन में अभियन्ताओं सहित विभिन्न सरकारी विभागों के शिक्षाविद और वैज्ञानिकों के साथ–साथ स्थानीय उद्योग के प्रतिनिधि और उच्च शिक्षा के विद्यार्थी भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन कल सुबह साढ़े नौ बजे प्रमुख शिक्षाविद और दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रोफेसर के. के. अग्रवाल करेंगे।

<><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िले में कुपोषण और एनीमिया से निपटने के लिए कुपोषण मुक्त अभियान की शुरूआत की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने किया। अपने संबोधन में उपायुक्त ने सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में कुपोषित बच्चों और एनीमिया से पीड़ित बच्चों को पोषण किट का वितरण किया गया। कुपोषण अभियान का उद्देश्य पोषक तत्वों से भरपूर आहार किट के वितरण के माध्यम से कुपोषित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सहायता प्रदान करना है जबकि एनीमिया मुक्त जिला

अभियान का उद्‌देश्य आयरन और फोलिक एसिड की खुराक और नियमित स्वास्थ्य जांच के माध्यम से गर्भवती महिलाओं में एनीमिया के प्रभाव को कम करना है। समाज कल्याण निदेशालय और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा प्रायोजित और गैर–सरकारी संगठन द्वारा समर्थित यह अभियान स्वास्थ्य में सुधार और पोषण संबंधी कमियों को दूर करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

<><><><><><><>

रोज़गार एवं प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से हाल ही में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गाराचरामा में कैरियर मार्गदर्शन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्‌देश्य छात्रों को उचित कैरियर चुनने और कौशल प्रशिक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देना था। इस अवसर पर रोज़गार अधिकारी सपना प्रिया ने छात्रों को सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा देश की सबसे चुनौतिपूर्ण परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। इस परीक्षा में सफल होने के लिए उचित योजना और रणनीति तैयार करनी चाहिए। कार्यक्रम में मॉडल कैरियर सेन्टर की व्यवसायिक मार्गदर्शन अधिकारी के. बीनू ने छोत्रों को कैरियर का चयन करते समय अपनी रूचि, ताकत और भविष्य के लक्ष्यों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में उनसठ स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भारतीय हॉकी टीम पेरिस ओलम्पिक के सेमी फाइनल में पहुंच गई है। आज क्वार्टर फाइनल के एक महत्वपूर्ण मैच में भारतीय टीम ने ग्रेट ब्रिटेन को टाई ब्रेकर में दो के मुकाबले चार गोल से पराजित कर दिया। गोल कीपर श्रीजेश की शानदार गोलकीपिंग के बदौलत भारत लगातार दूसरी बार ओलम्पिक के सेमीफाइनल में पहुंची है। निर्धारित समय तक दोनों ही टीमें एक–एक गोल की बराबरी पर थी।

उधर पुरूषों के एकल बैडमिंटन में भारत के लक्ष्य सेन को सेमीफाइनल में डेनमार्क के खिलाड़ी के हाथों हार का सामना करना पड़ा, हालांकि लक्ष्य सेन से अब भी पदक की उम्मीद की जा सकती है।

<><><><><><><>

डॉ.बी.आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में डिप्लोमा और ट्रेड डिप्लोमा के कार्यक्रमों के लिए कक्षाएं आरंभ हो चुकी है। प्रवेश पा चुके सभी नए विद्यार्थियों से सुबह साढ़े आठ बजे अपने–अपने विभाग में रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला बाल संरक्षण इकाई में अनुबंध के आधार पर परिविक्षा अधिकारी, समाज सेवक, असिस्टेंट–कम–डाटा एन्ट्री ऑपरेटर और अकांउटेंट के एक–एक पद के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। उम्मीदवार कल से बारह अगस्त तक सुबह दस बजे से आवेदन जमा कर सकते हैं। तेरह अगस्त को सत्यापन का कार्य ज़िला उपायुक्त कार्यालय के स्थापना अनुभाग में सुबह दस बजे से किया जाएगा। योग्यताधारक उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक उनतालीस दशमलव दो मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार–निकोबार में बत्तीस दशमलव दो, कार–निकोबार में बत्तीस, लांग आइलैंड में सोलह दशमलव दो और पोर्ट ब्लेयर में तीन दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>

टी.एस.जी. फाउंडेशन की ओर से कल जी.बी.पन्त अस्तपाल के ब्लैड बैंक के साथ साझेदारी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चालीस से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का आयोजन एमिराल्ड–व्यू होटल में किया गया।

<><><><><><><>